तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

वेदांता एल्यूमिनियम अपने प्रचालन क्षेत्रों में करेगा बड़े पैमाने पर पौधरोपण





CRASH COURSE

NEET / IIT-JEE

HOSTEL AVAILABLE

ADMISSION OPEN

NURSING PHARMACY

ICAR CUET PET PAT PPT NDA

1st BATCH - 23-03-2024

2nd BATCH - 27-03-2024

THE BEST COACHING INSTITUTE FOR JEE / NEET IN KORBA



DROPPER BATCH

NEET / IIT-JEE

CLASSES START 13th MAY

SCHOOL + COACHING

6th 7th 8th 9th 10th 11th 12th with NEET/IIT-JEE

HOSTEL AVAILABLE

ADMISSION OPEN

विशेष : 1. कक्षाएँ 01 अप्रैल से आरंभ
2. कमजोर विद्यार्थियों के लिए पृथक बैच
3. साप्ताहिक टेस्ट
4. प्रतिदिन डाउट क्लीयरिंग क्लासेस
5. नोट्स / मासिक टेस्ट सीरिज

IQRA CLASSES, (A UNIT OF PCM CLASSES) NEAR NIHARIKA TALKIES, KORBA 8962373124,7000684821,9827109471


## खबर संक्षेप

### जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशु पालन व कला की हुई परीक्षा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा वर्ष अंतर्गत 21 मार्च को जीव विज्ञान अर्थशास्त्र पशुपालन भारतीय कला का इतिहास विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। सहायक नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल पंजीकृत विद्यार्थी 9 हजार 458 हैं, जिनमें से 9 हजार 259 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलायी। वहीं 169 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रो में शांति पूर्वक परीक्षा संचालित हुई। जिले में कुल 17 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण दल द्वारा अवलोकन किया गया। परीक्षा में निरीक्षण के दौरान कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया।

### रामनवमी, ईद व होली पर आचार संहिता का रहेगा साया

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के तारीख का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गया है। जिले में 7 मई को मतदान होगा। साथ ही 4 जून को मतगणना होगी। आचार संहिता लगते ही कर्मचारियों को बैनर-पोस्टर हटाने के निर्देश दे दिए हैं। साथ ही जिले में अब धारा 144 भी लागू हो गई। जिसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। इस बार रामनवमी व होली जैसे त्यौहार प्रतिबंधों के बीच मनेंगे।

### बीके वेलफेयर ने स्नेहा का किया सम्मान



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में भाग लेकर सिल्वर मेडल जीतने वाली स्नेहा बंजारे का सम्मान भाई कन्हैया जी वेलफेयर सोसायटी ने किया है। यह सम्मान मुख्य अतिथि डॉ. सरफराज खान, विशिष्ट अतिथि धीरज राकेजा, बीके वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जगबीर सिंह गिल, हरवीर सिंह होरा, टीपी गुप्ता, आशीष राव, धन्नू, विक्की, रीता, संगीता रावत, शमा फैज, शिल्पी सिंह व बीके वेलफेयर महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ी व कोच करतार सिंह, गोगी भुल्लर की उपस्थिति में दिया।

### मानसिक बल को बढ़ाती है बॉडी बिल्डिंग : चौहान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का गुरूवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक एम एस चौहान ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग जैसे खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक बल को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करती है ऐसे में उनके अधिकारी-कर्मचारी हमेशा ऊर्जा से भरे रहे यह प्रबंधन का प्रयास रहता है। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक के एस मनोठिया ने कहा कि पॉवर कंपनी में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का शामिल होना दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक बल से नहीं मनोबल से युवा होता है। उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रभारी मनोज वर्मा ने आई हुई टीमों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि 21-22 मार्च को पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

### विद्युत वितरण विभाग द्वारा दोनों को अलग जोन बनाने के लिए भेजा गया था प्रस्ताव

# बांकीमोगरा और बालको को इस वर्ष भी नहीं मिली जोन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने बालको और बांकीमोंगरा को अतिरिक्त जोन कार्यालय बनाने का प्रस्ताव विद्युत विभाग के मुख्यालय भेजा गया था लेकिन इस वर्ष भी मुख्यालय से जोन बनाने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं हो पाई। जिससे निश्चित तौर पर स्थानीय उपभोक्ताओं को खासी निराशा हाथ लगी है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की देखरेख के लिए शहर के तुलसी नगर जोन, पाड़ीमार जोन, दर्री जोन के माध्यम से विद्युत व्यवस्था का संचालन किया जाता है। पाड़ीमार जोन के अंतर्गत पूरा बालको शहर आता है और दर्री जोन के अंतर्गत बांकीमोगरा का पूरा इलाका आता है। विद्युत वितरण विभाग के स्थानीय अफसरों द्वारा पिछले दो वर्षों से बालको और बांकीमोगरा



पाड़ीमार जोन कार्यालय।

को अतिरिक्त जोन बनाने के लिए लगातार मुख्यालय को पत्र भेजकर इसकी डिमांड की जा रही है ताकि इस क्षेत्र के बाशिंदों को बेहतर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके और इस क्षेत्र को अतिरिक्त सुविधा मिल सके लेकिन विद्युत वितरण विभाग के मुख्यालय द्वारा इस वर्ष भी बालको और बांकीमोगरा को जोन बनाने की दिशा पर कोई पहल नहीं की गई। जिसके चलते मामला इस साल फिर से टांए टांए फिस हो गया है।

स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि आने वाले वर्षों में नए वित्त वर्ष के दौरान फिर से दोनों जोन के अंतर्गत आने वाले बालको और बांकीमोगरा को जोन बनाने के लिए फिर से प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि आने वाले वित्त वर्ष में इन बालको और बांकीमोंगरा को जोन की स्वीकृति मिल सके।

### लगभग 10 किलोमीटर की लगानी पड़ती है दौड़

बांकीमोगरा और बालको में जोन कार्यालय नहीं खुलने की वजह से स्थानीय उपभोक्ताओं व ग्रामीणों को किसी भी बिजली से संबंधित काम के लिए उन्हें बालको क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय पाड़ीमार जोन कार्यालय ऑफिस आना पड़ता है जबकि इसी तरह बांकीमोंगरा क्षेत्र में बसने वाले उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी कार्य के लिए उन्हें दर्री जोन कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। इसके लिए उन्हें हर काम के लिए लगभग 10 किलोमीटर की सफर तय करना पड़ता है और लंबे समय से स्थानीय लोग इसके लिए जोन कार्यालय की मांग करते आ रहे हैं लेकिन न जाने क्यों विद्युत वितरण विभाग के मुख्यालय द्वारा इन दोनों स्थानों में मुख्यालय बनाने की दिशा पर पहल नहीं की जा रही है जबकि स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक बालको और दर्री जोन में जोन बनाने की जो भी मापदंड है वह उपभोक्ताओं के अनुसार मापदंड पूरा हो रहा है लेकिन इसके बाद भी अब तक 2 वर्ष से भी इसकी स्वीकृति नहीं मिल पा रही है।

### बेलाकछार में सब स्टेशन की हो रही है डिमांड

पूर्व जनपद सदस्य दोंदरो बेला पंचायत कौशल प्रसाद पटेल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर डिमांड की है कि ग्राम बेलाकछार, संगम नगर में 40-50 वर्षों से विद्युत तार लगा हुआ है जो पूर्ण रूप से खराब हो चुका है जो आए दिन टूट टूट कर गिरते रहता है जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है और घटना हो भी चुकी है जबकि बेलाकछार संगम नगर बालको से लगा हुआ है फिर भी आए दिन बिजली की समस्या से जूझ रहा है जबकि बेलाकछार-संगम नगर जंगल के किनारे बसा हुआ है जंगली जानवरो एवं सांप विच्छुओं का डर हमेशा ग्रामवासियों को लगा रहता है। दोंदरों पंचायत के मुहल्ला ग्राम बेलाकछार संगम नगर में सब स्टेशन का निर्माण किया जाए ताकि आस-पास के अन्य ग्राम पंचायतो के ग्रामवासियों को भी सुचारू रूप बिजली मिल सके।

# रिश्ते के देवर व भाभी की फांसी के फंदे में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर से लापता रिश्ते के देवर-भाभी की लाश गांव के समीप जंगल में पेड़ पर लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम उतरदा का मामला, बुधवार की दोपहर दोनों हुए थे लापता

मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम उतरदा की है। यहां निवासरत उमेंद्र सिंह 27 वर्ष पिता अमर सिंह व उसके रिश्ते भी भाभी कलावती 30 वर्ष पति दिलीप सिंह बुधवार की दोपहर लगभग 3 बजे दोनों अचानक घर से लापता हो गए थे। जिसके बाद गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीण जब महुआ संग्रहण के लिए पास के जंगल में पहुंचे तो उनकी नजर अमरुद के पेड़ में फांसी के फंदे पर लटक रही एक महिला और पुरुष पर पड़ी तो दोनों की शिनाख्त गांव से लापता उमेंद्र सिंह व उसके रिश्ते की भाभी कलावती पर पड़ी। घटना की सूचना मिलने पर पसान पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थाना प्रभारी पसान ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। दोनों देवर भाभी ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### दोनों के हैं तीन-तीन बच्चे

पसान थाना प्रभारी श्री विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक उमेंद्र सिंह व उसकी भाभी कलावती के तीन-तीन बच्चे हैं। दोनों में देवर भाभी का रिश्ता है और दोनों बुधवार की दोपहर से लापता हुए थे। घटनास्थल से पुलिस को किसी तरह का कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो जाने से गांव गमगीन है और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल अभी परिजनों का बयान कलमबद्ध नहीं हो पाया है। बयान दर्ज होने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आएगी।

# पार्किंग विहीन रेलवे की सेकेंड एंट्री आने जाने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर व उपनगरों के यात्रियों के लिए है सुविधाजनक रेलवे की सेकेंड एंट्री कोरबा शहरी क्षेत्र के साथ उपनगरों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक है। क्योंकि इस रास्ते से आने वाले वालों को रेलवे फाटकों के बंद रहने की झंझट से राहत मिलती है। इस रास्ते से स्टेशन आने वालों में एसईसीएल कोरबा, मानिकपुर, आरएसएस नगर, एमपीनगर, आरपीनगर, कोसाबाड़ी, सीएसईबी पूर्व, सिंचाई कालोनी रामपुर, दादरखुर्द, रजगामार, बालकोनगर के यात्री होते हैं। अधिकांश अप डाउन करते हैं। ऐसे

**खास बात**

- असुविधा के बीच हो रहा संचालन, यात्री और परिजन हलाकान



रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री।

में पार्किंग सुविधा नहीं होने से यात्री मुख्य द्वार से होकर आने को मजबूर हो रहे हैं।

उद्घाटन के 8 साल बाद स्टेशन की सेकेंड एंट्री पर यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाएं लगभग गायब हो चुकी हैं। अनारक्षित टिकट के लिए बनाया गया भवन तो है पर वहां से टिकट जारी नहीं होता है। शहर के लोग टिकट काउंटर शुरू करने के लिए हो हल्ला न करें, इसलिए एक टीन शेड की कंटेनर रखकर वहां से अनारक्षित टिकट जारी किए जा रहे हैं, पर वहां न तो पीने का पानी मिलता है और न ही पार्किंग में रखे वाहनों का कोई रखवाला होता है।साफ सफाई नाम की तो कोई बात ही नहीं है। हर हमेशा वहां धूल व कोयले की डस्ट की परत जमी रहती है। हां यह जरूर है कि बीच बीच में मौसम की मेहरबानी के कारण सफाई जरूर दिख जाती है। अब अगर स्टेशन से यात्रा शुरू करनी हो या खत्म तो इस स्थिति में यात्रा करने वाले को अपने परिजन की मदद लेनी होगी, जो उन्हें सुबह स्टेशन छोड़ सकें और शाम को वापस ले जा सकें। अगर गलती से कोई यात्री अपना वाहन लेकर इस रास्ते से स्टेशन पहुंच जाता है तो उसे असुरक्षित स्थिति में छोडक़र यात्रा शुरू करनी पड़ेगी, क्योंकि उनके वाहन की सुरक्षा करने वाला वहां कोई नहीं रहता है। वाहन सुरक्षित रखना है तो स्टेशन के मुख्य द्वार के रास्ते पहुंचना होगा। यही कारण है कि यात्री चाहकर भी सेकेंड एंट्री का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।यात्री के साथ परिजन को भी होती है परेशानी रेलवे स्टेशन में सेकेंड एंट्री पर टिकट काउंटर की सुविधा दी गई है, जहां से टिकट भी जारी हो रही है, पर पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इससे इस रास्ते स्टेशन आने वाले यात्रियों को अपने परिजनों के साथ स्टेशन आना पड़ता है और वापसी में उन्हें ले जाने के लिए बुलाना पड़ता है। इससे यात्रा करने वाले के साथ उनके परिजन भी इस रास्ते से आने पर परेशान होते हैं। यात्रियों को सुविधा सेकेंड एंट्री पर भी मिलने लगे तो उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा और उन्हें वाहन की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की असुविधा भी नहीं होगी।

# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को रेंट पर आवास देने बनी सहमति


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेल की तर्ज पर कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में भी सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को सरप्लस आवास रहने के लिए दिया जाएगा। वैसे प्रक्रिया सहित अंतिम निर्णय लोकसभा चुनाव के बाद आवास आवंटन को लेकर बनी कमेटी की होनेवाली बैठक में लिया जाएगा। आवास आवंटन को लेकर कोल इंडिया की कमेटी की पहली बैठक बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में हुई।

**खास बात**

- आगामी बैठक में निर्णय पर लगेगा मोहर

बैठक में कोई आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों को आवास देने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति बनी है। प्रक्रिया आदि तय करने को लेकर कमेटी की अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।



फाइल फोटो

पूर्व में कोल इंडिया की मानकीकरण समिति की बैठक में रिटायर कर्मियों को आवास रहने के लिए देने का मुद्दा उठा था। मामले पर तब प्रबंधन ने सैद्धांतिक सहमति जताते हुए एक कमेटी गठित की थी। कमेटी ने आवास देने संबंधी प्रक्रिया पर विचार किया। कोयला कंपनियों के पास जरूरत से ज्यादा उपलब्ध आवास को सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को देने पर विचार किया गया। इससे कंपनी के आवास पर अतिक्रमण को रोकने में भी मदद मिलेगी। लीज पर दिया जाएगा या तीन साल के करार के साथ आवास को किराए पर दिया जाएगा इसपर मंथन चल रहा है। बैठक में प्रबंधन और यूनियनों ने अपने-अपने सुझाव दिए। सूत्र बताते हैं कि लीज पर लंबे समय तक आवास देने से बाद में फिर घर खाली कराने में समस्या होती है, इसलिए तीन-तीन साल के एग्रीमेंट के साथ किराए पर आवास देने पर निर्णय लिया जा सकता है। मौके पर बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक, ईसीएल एवं सीसीएल के निदेशक वित्त, कोल इंडिया के अलावा कोल इंडिया के जीएम पी एंड आईआर के साथ एटक के शत्रुघ्न महतो, एचएमएस के शिव कुमार यादव, बीएमएस के राजीव रंजन सिंह व सीटू के आर मुखर्जी मौजूद थे।

### सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मीडिया से मुखातिब हुए उद्योग मंत्री

# विष्णुदेव सरकार के 100 दिन में प्रदेश में आई खुशहाली : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 5 साल में कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी से जिस तरह हर वर्ग में असंतोष का माहौल था, भाजपा सरकार के इन तीन महीनों में ही आम जनता के बीच खुशहाली लौटी है। विष्णुदेव सरकार ने मोदी की गारंटी को इन 100 दिन में ही पूरा कर दिया है।

उक्त बातें वाणिज्य, श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल, महतारी



पत्रकारों से चर्चा करते उद्योग मंत्री देवांगन व अन्य।

वंदन योजना, 18 लाख पीएम आवास योजना की सौगात जनता को मिल चुकी है। जल्दी ही निर्माण कार्य शूरू हो जाएंगे। इसके अलावा अन्य विभागों के माध्यम से भी योजना का लाभ लोगों को मिलने लगा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस की हार को देखते हुए अब कांग्रेस मे भगदड़ मची हुई है, सब को पता है की इस चुनाव में कांग्रेस की नैया पूरी तरह से डूब जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, बिहार से आए एमएलसी देवेश, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केएस चौहान, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम हितानन्द अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह प्रभारी पवन सिन्हा सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हार से बौखलाकर की जा रही बयानबाजी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए धमकी देने संबंधित नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के आरोप पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पलटवार किया है। श्री देवांगन ने कहा है कि कोरबा लोकसभा में ज्योत्सना महंत हार रही हैं इससे बौखला कर इस तरह की बयानबाजी की जा रही है। पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल के भाजपा प्रवेश को लेकर देवांगन ने बताया कि इस प्रकार की बातें मीडिया के माध्यम से सुनने को मिल रही है। श्री देवांगन ने कहा कि बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं और बहुत सारे इंतजार में है कि कब भाजपा उन्हें बुलाए। भाजपा के दरवाजे सभी अच्छे लोगों के लिए खुले हुए हैं।

### कोरबा में सरोज पांडे की जीत पक्की

एक सवाल के जवाब में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे की जीत पक्की है। सरोज पांडे पूरे छत्तीसगढ़ की बेटी है, उनके जैसा सशक्त नेतृत्व कोरबा को मिलने वाला है। कांग्रेस के सांसद ने कोरबा को सिर्फ लूटा है। कोरबा में महापौर के जाति प्रमाण पत्र को निलंबित करने के मामले में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रशासन ने जांच के बाद या कार्रवाई की है अगर उन्हें नहीं हटाया जाता है तो भाजपा अगला कदम उठाएगी।

### 31 नग मवेशी को बूचड़खाना ले जाते 9 गिरफ्तार

**कोरबा।** कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी को ग्राम अमलडीहा के ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कुछ लोग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते पीटते हुए बूचड़खाना ले जा रहे हैं। सूचना पर कटघोरा पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां पुलिस ने कार्यवाही कर 6 व्यक्ति जिला जशपुर और 3 व्यक्ति कोरबा जिले के रहने वालों को मवेशियों के साथ पकड़ा है। जिनके द्वारा 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को मारते पीटते ले जाते मिलने पर पशुओं के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया। जिनके द्वारा मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताने पर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

21 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 3/21/2024 11:03 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर ? इस अभिनेता के नाम पर चर्चा का बाजार गर्म



जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

ईओएन के एक सूत्र ने डेडलाइन को स्पष्ट रूप से बताया कि जेम्स बॉन्ड के रूप में डैनियल क्रेग की जगह कौन ले रहा है, इसकी जानकारी कुछ समय बाद ही सामने आ सकेगी। वहीं इन रिपोर्ट्स का टेलर जॉनसन ने भी अब तक खंडन नहीं किया है, जिससे अफवाहों का बाजार और अधिक गर्म हो गया है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने एक साक्षात्कार में बताया था, "मुझे यह अद्भुत और आकर्षक लगता है कि लोग मुझे उस भूमिका में देखते हैं। मैं इसे एक बड़ी प्रशंसा के रूप में लेता हूं।"

बता दें कि इसी महीने ही एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में ऑस्कर विजेता किलियन मर्फी भी शामिल थे।

### टालीवुड


## भारी सुरक्षा के बीच पुष्पा-2 के सेट पर पहुंचीं रश्मिका, दिखा फर्स्ट लुक



'एनिमल' की बंपर बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज' की सीक्वल है। फिल्म से सामने आए अल्लू अर्जुन के पोस्टर ने फैंस के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। साथ ही फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच रश्मिका मंदाना भारी सिक्योरिटी के बीच 'पुष्पा 2' के सेट पर पहुंचती नजर आई हैं। अभिनेत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना को उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पाः द रूल' के सेट पर देखा गया। एक मंदिर के बाहर लाल साड़ी पहने अभिनेत्री का वीडियो वायरल हो गया है। भारी सुरक्षा के बीच सेट पर पहुंचतीं रश्मिका वीडियो में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए फैंस को भी इकट्ठा होते देखा जा सकता है। जानकारी हो कि फिल्म में रश्मिका अपनी श्रीवल्ली की भूमिका को दोहरा रही हैं, जिसने अल्लू अर्जुन द्वारा निभाए गए किरदार पुष्पराज से शादी की थी। ऐसा कहा जाता है कि सीक्वल उनकी शादी के बाद के जीवन पर केंद्रित है। कथित तौर पर लीक हुआ फुटेज आंध्र प्रदेश के यागंती मंदिर परिसर का है। पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पाः द रूल' वैश्विक स्तर पर धमाल मचाने को तैयार है। फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' थी, जो सुकुमार द्वारा निर्देशित एक एक्शन एंटरटेनर थी। फिल्म 17 दिसंबर, 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'पुष्पाः द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। वहीं 'पुष्पा 2' 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द ही विक्की कौशल के साथ फिल्म 'छावा' में नजर आने वाली हैं। कथित तौर पर, यह फिल्म एक ऐतिहासिक ड्रामा है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित है। इसके अलावा रश्मिका की झोली में 'एनिमल' फिल्म की सीक्वल 'एनिमल पार्क' भी है।

### भोजपुरी

## महादेव का गोरखपुर रिलीज होगी एक साथ 5 भाषाओं में



भोजपुरी फिल्म स्टार एवं सांसद रवि किशन की बहुचर्चित और बहुप्रतिक्षित फिल्म महादेव का गोरखपुर आगामी 29 मार्च को भोजपुरी सहित पांच भाषाओं में प्रदर्शित होने जा रही है। राजेश मोहनन द्वारा निर्देशित एवं प्रितेश शाह, सलिल संकरण द्वारा निर्मित यह फिल्म भोजपुरी के साथ ही हिन्दी, तेलगू, तमिल, कन्नड भाषा में देश ही नही विदेशों में भी यह रिलीज होने जा रही है। रवि किशन का जबरदस्त किरदार दर्शकों को देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' में अभिनेता रवि किशन का दो लुक नजर आयेगा। जिसमें से एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में दिखेंगे। तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आयेंगे। जिसकी झलक रिलीज टीजर में देखी जा सकती हैं।फिल्म में दो कालखंड की कहानी हैं।साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया हैं।जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। अभिनेता और सांसद रवि किशन स्वयं महादेव के भक्त हैं।वह कहते हैं, फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी हैं। इस फिल्म में महादेव शिव जी की जिस भव्यता और आस्था कसाथ स्तुति की गई है। वह अकल्पनीय है,ऐसा वर्णन पहले किसी फिल्म में नहीं हुआ है। महादेव जी ने मुझे इस फिल्म के लिए मुझे चुना है,यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है।उम्मीद हैं दर्शकों का भरपूर आशीर्वाद और प्यार सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का निर्माण रवि किशन ने प्रितेश शाह और सलिल संकरण के साथ किया है।फिल्म का निर्देशन राजेश मोहनन ने किया है ।

### लाइफ स्टाइल




स्लीपिंग ब्यूटी का जलवा

बहुप्रतीक्षित फैशन शो मेट गाला 2024 की थीम का खुलासा हो गया है। 'स्लीपिंग ब्यूटीज़' पर आधारित न्यूयार्क के इस फैशन शो में ब्लेक लिवली से लेकर गीगी हदीद तक मौजूद रहेंगे। फैशन की दुनिया में मेट गाला में सर्वश्रेष्ठ फैशन कार्यक्रम देखने के लिए प्रशंसक एक साल तक इंतजार करते हैं। यह फिल्मी सितारों का एक ऐसा शो बन गया है जिसमें अभिनेता, गायक और अन्य सहित हॉलीवुड सेलेब्स शामिल होंगे।

## शरीर पर हो रही है खुजली तो नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं।



### नीम के पत्ते

भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### सिरका

अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

सेब का सिरका इस्तेमाल करने के लिए आपको बस नहाने का पानी लेना है और उसमें 2 ढक्कन सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर डालना है। अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इस पानी से नहाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

### एंटी-बैक्टीरियल साबुन

आप इसका आसान विकल्प तलाश रहे हैं, तो बाजार में आपको तमाम तरह की एंटी-बैक्टीरियल साबुन मिल जाएंगी। जिनसे नहाकर भी आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। हालांकि कोशिश करें, कि पानी में सिरका या फिर नीम के पत्ते डालकर इसी का इस्तेमाल करें।

## ऑफिस में है होली पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं जलवा

फैशन



होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई देते हैं। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है। होली के दिन जगह-जगह होली पार्टी का आयोजन होता है, जिसमें लोग मिलकर काफी एन्जॉय करते हैं।



इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए होली पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। होली पार्टी में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं।

अगर आपके दफ्तर में भी होली पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप होली पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

**शरारा सूटः** आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

**अंगरखा सूटः** ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**साड़ी :** अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की होली पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**जींस और कुर्ता :** अगर ऐसा कपड़ा पहनना चाहती हैं, जो आरामदायक भी हो तो जींस के साथ कुर्ता पहनें। जींस में आप अपना मोबाइल भी रख सकती हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो होली के प्रिंट वाला स्पेशल कुर्ता अपने लिए खरीद सकती हैं।

**अनारकलीः** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो आप इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। ये आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

## अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

साड़ी हो या सूट कभी-कभी इनके बोरिंग स्टाइल हमें अच्छे नहीं लगते, तो कभी ट्रेंड में रहने वाले स्टाइल जैसे- टिप नेक, वन-स्ट्रिप ब्लाउज को पहनने का माहौल नहीं होता। ऐसे में आप केवल अपनी ड्रेस की स्लीव्स को स्टाइलिश बनाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं, क्योंकि स्लीव्स अगर थोड़ा ट्रेंडी हों तो पूरा लुक नया हो जाता है। आप इन्हें अपने बड़ों और रिश्तेदारों के सामने या पूजा-पाठ में भी आराम से पहन सकती हैं।

**बलून स्लीव्सः** इसकी स्लीव फ्री स्टाइल होती है, जो लास्ट में फिटेड बेल्ट से कंप्लीट हो जाती है। अगर आपके हाथ पतले हैं तो यह आपके लिए ही है। वैसे तो यह हर फैब्रिक पर चल जाती है, लेकिन ऑर्गेंजा फैब्रिक में यह एकदम क्लासी लुक देती है।

**फिट एंड फ्लेयरः** वेलवेट सूट में इस तरह की स्लीव्स बहुत सुंदर लगती हैं। इन्हें आप शादियों में पहन सकती हैं। इसे कोहनियों तक फिट किया जाता है और फिर एक फ्लेयर पैटर्न होता है।

**कॉउल और प्लीटेडः** अगर आप एथनिक स्टाइल में मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो आपके लिए यह स्लीव स्टाइल बेस्ट है। इस पैटर्न में स्लीव्स प्लेटेड और लास्ट में फिटेड बेल्ट लगी होती है। मोटे बाजू वाली महिलाएं शिफॉन या जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक में इस तरह की स्लीव्स बनवाएं तो बहुत सुंदर लगती हैं।




**सिंगल स्ट्रिपः** इस तरह की स्लीव्स सदाबहार हैं। ये सिंगल स्ट्रिप स्लीव्स होती हैं, इसलिए इनमें बाजू पूरी खुली रहती हैं। ये सूट, साड़ी और आपके एथनिक टॉप पर खूब फबती हैं। हेवी फैब्रिक, जैसे- बनारसी, सिल्क को ये मॉडर्न टच देती हैं। लेस वर्क

इसमें डबल लेस वर्क किया जाता है। आजकल कॉटन की जालीदार या क्रोशिया पर डिजाइन की गई लेस भी काफी ट्रेंड में है।

## अच्छे हेयर स्टाइल की समझें अहमियत, जरूर मिलेगी तारीफ

आपको गुड लुक्स देने में आपकी ड्रेस और स्किन केयर रूटीन का भी योगदान होता है। लेकिन इस बात को ये कहकर इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि लोग सिर्फ कपड़ों को देखते हैं, स्किन, हेयर केयर या हेयर स्टाइल को नहीं।

आपके मन में अगला सवाल पक्का यही आया होगा कि शादी सीजन में कैसे गुड लुकिंग दिखें? गुड लुकिंग दिखने की पहली शर्त आपकी शानदार हेयर स्टाइल है। अच्छी हेयर स्टाइल आपके पूरे लुक्स को ट्रांसफॉर्म कर सकती है।



### मीडियम लेंथ बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल मीडियम लेंथ के हैं और उनका टैक्स्चर भी स्मूथ है तो, आप फवाद खान के क्लासिक स्लीक बैक लुक को अपना सकते हैं। ये काफी पुराना लेकिन क्लासिक लुक है जो एथनिक वियर के साथ बेहतरीन तरीके से मिक्स एंड मैच किया जाता रहा है। हालांकि ये आपको पक्का करना होगा कि आपके बाल सही शेप में हों और उनकी केयर अच्छी तरह से की गई हो। अगर आप किसी खास डेट पर स्पेशल दिखना चाहते हैं तो कम से कम एक महीने पहले से किसी प्रोफेशनल की मदद लेना ठीक रहेगा।

### लंबे बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप शाहिद कपूर का स्टाइलिश मॉप लुक आजमा सकते हैं। आपको करना सिर्फ इतना है कि आपको अपनी साइड्स को ट्रिम करना है, सिर के टॉप पर बालों की लेंथ को अच्छा रखना है।

आप उन्हें हेयर वैक्स या पोमेड से एक साइड की तरफ कॉम्ब कर सकते हैं, और उसी हिसाब से स्टाइल भी कर सकते हैं। इस स्टाइल को थोड़े मेंटनेंस की आवश्यकता होती है, लेकिन यकीन कीजिए कि, इस हेयर स्टाइल को अपनाने के बाद आपका लुक पार्टी में सबसे बेहतर दिखेगा।

### विराट कोहली की फेड कट

अगर आप किसी ऐसी हेयर स्टाइल को मेंटेन करना चाहते हैं, जो कभी भी फेल न हो और ज्यादातर फेसकट पर अच्छी दिखे। मेरी सलाह यही है कि आप विराट कोहली की सिग्नेचर फेड कट को आजमाएं। जी हां, ये हेयर स्टाइल वाकई हर किसी पर अच्छी दिखती है। वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि ये फेड हेयर स्टाइल वाकई बेहद शानदार है। आप अपने सिर और चेहरे के शेप के हिसाब से साइड पर अलग-अलग लंबाई भी आजमा सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

लड़कों को अपनी स्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए, लोग करेंगे तारीफ

## टीशर्ट पहनते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट लुक

*जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नहीं कर पाते। ऐसे में आज आपको टी-शर्ट पहनकर परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे। हालांकि टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नहीं लगेगा।*



### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।


### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।

### बटन रखें बंद

टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।





### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि जो टीशर्ट आप पहनने जा रहे हैं, उसमें जेब न हो।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली, ईद, गुड फ्राइडे एवं रामनवमी मनाने की गई अपील

# जबरन लगाया रंग और कानून व्यवस्था की भंग तो जेल में मनेगा त्यौहार



कलेक्टोरेट में शांति समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में तथा अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान तथा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में जिले के परंपरा अनुरूप शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से होली पर्व, ईद-उल-फितर, रामनवमी तथा गुड फ्राइडे मनाने की अपील की गई।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही धारा 144 लागू है। किसी भी पर्व को राजनैतिक रूप से ना मनाया जाए। सभी प्रकार के आयोजनों तथा रैली, जुलुस, डीजे के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से लिया जाए। होली में हर्बल रंगों का उपयोग करने के साथ ही अनावश्यक किसी पर रंग ना डाला जाए। उपद्रव, हुल्लड़बाजी, जबरन रंग डालने वालों, सड़क पर होलिका दहन करने वालों एवं तीन सवारी वाहन चलाने वालों, मुखौटा लगाकर हुटिंग करने वालों पर निगरानी रखने के साथ ही कड़ी कार्यवाही की जाए। कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने होली त्यौहार मिल-जुल कर और सदभाव के साथ मनाने का निर्णय लिया। अपर कलेक्टर ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का है। उन्होंने इन सभी पर्वों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिलेवासियों से सहयोग की भी अपेक्षा की है। इस बैठक में समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक और अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि 24 मार्च को होलिका दहन खुले स्थानों पर ही किया जा सकेगा। बिजली के ट्रांसफार्मरों और तारों के नीचे होलिका दहन नहीं करने के निर्देश दिए। शांति समिति की बैठक में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस विभाग को लगातार पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

दमकल एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को चौकन्ना एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। चिन्हांकित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने को कहा गया है। त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में देने की भी अपील आमजनों से की गई है। होली पर अवैध चंदा वसूली करने वालों, शराब पीकर हुडदंग करने वालों, जबरन रंग-गुलाल लगाने वालों, महिलाओं पर छिंटाकशी व अभद्र टिप्पणी करने वालो तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रशासन द्वारा कहा गया है कि होलिका पर्व के दौरान किसी भी तरह से लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाने में जबरदस्ती न करें। एक दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया रखें, एक-दूसरे का सम्मान करें तथा पर्व सौहार्द से मनायें। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश के कारण माहौल न बिगड़े इसके लिए वे स्वयं भी तत्परता दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएं और पुलिस व प्रशासन को इसकी तत्काल सूचना दें ताकि कानून व्यवस्था कायम रखा जा सके। बैठक में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। शोभायात्रा निकालने के पूर्व रूट चार्ट तथा शामिल होने वालों की संभावित संख्या उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। होली के दिन पानी आपूर्ति की समय सीमा 1 घंटा अधिक समय तक रखने तथा विद्युत व्यवस्था बनाए रखने की मांग की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि सभी समुदाय अपने पर्व, त्यौहार को आपस में मिलजुल कर और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। जिला प्रशासन का सहयोग निरंतर बना रहेगा। बैठक में एसडीएम श्रीकांत वर्मा, रूचि शार्दुल, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज, गौतम सिंह, सीएसपी व अन्य अधिकारियों के अलावा विभिन्न समाज के पदाधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### खास बात

- कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

### होली व रमजान के मद्देनजर ली गई बैठक



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना चौकी के द्वारा गुरुवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें तहसीलदार एवं सभी वार्डो के पार्षदों व सभी समाजों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। होली त्यौहार के पावन पर्व पर सभी धर्म समाज के गणमान्य नागरिकों पार्षदगणों की मीटिंग आहूत की गई है। बैठक में गणमान्य नागरिकों द्वारा आगामी त्योहारों होली, रमजान ईद, इस्टर, गुड फ्राइडे, चेटीचंड को ध्यान में रखते हुए सभी त्योहारों में शांतिपूर्ण एवं समय पर होलिका दहन करने, सौहाद्र पूर्ण होली का त्यौहार मनाने, जबरदस्ती किसी को रंग ना लगाने, होली में शराब के नशे में तीन सवारी वाहन न चलाने, किसी प्रकार के हुड़दंग ना करने, शांतिपूर्ण होली का त्यौहार मनाने की अपील की गई।

### गुंडा बदमाश की लगाई गई क्लास थानेदार ने दी हिदायत



होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है और लगातार शहर में पेट्रोलिंग के अलावा गुंडो बदमाशों की पुलिस परेड व क्लास ले रही है। इस कड़ी में मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू द्वारा गुरुवार को क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक गुंडों बदमाशों की परेड ली और उन्हें साफ हिदायत दी कि होली पर्व व लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह से खलल मचाने की कोशिश की तो उन्हें बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा और उन्हें सीधे जेल की हवा खानी पड़ेगी। सभी गुंडों बदमाशों को साफ चेतावनी जारी की गई है कि इस दौरान कोई भी अपराधिक घटना में शामिल न हो और अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक होली का पर्व मनाने की पुलिस द्वारा अपील की गई है।

### सभी सदस्यों ने दिया सहयोग का भरोसा



हरदीबाजार थाना परिसर में थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे की अध्यक्षता में होली पर्व व रमजान एवं लोकसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता के संबंध में शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैंकरा ने सभी व्यापारियों से मुखौटा, नुकसान दायक रंग-गुलाल नहीं बेचने की बात कही, वहीं डीजे संचालकों को अधिक तेज आवाज में डीजे न बजाने की हिदायत दी गई, होली पर्व के दौरान नागरिकगण अपना मकान सुना छोड़कर अपने गांव-शहर जाने पर मकान में बहुमूल्य आभूषण,सोना,चांदी,पैसा अन्य संपत्ति सुने मकान में छोड़ कर न जाये। वहीं थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले पर सख्त कार्रवाई करने। होली पर्व शांति और सौहार्द, भाईचारे के साथ खेलने, जबरदस्ती किसी को रंग-गुलाल न लगाने जिससे विवाद हो,होली जलाने की रात और होली के दिन पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी सर्च करती रहेगी,साथ में थाने का मोबाइल नंबर सभी को दिया गया। बैठक में स.उ.निरीक्षक विजय सिंह,चुलेश्वर राठौर राजाराम राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुसमुण्डा में भी जनप्रतिनिधियों की ली गई क्लास



कुसमुंडा थाना में होली पर्व और लोकसभा चुनाव के मद्धेनजर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश अनुसार थाना व चौकी में शांतिपूर्वक होली पर्व मनाने के लिए जनप्रतिनिधि के साथ नागरिक व व्यापारियों की संयुक्त बैठक ली गई। इसी कड़ी में कुसमुंडा थाना में पदस्थ रूपक शर्मा ने वर्तमान में होने वाले होली पर्व को बेहतर तरीके से मनाने की बात कही। साथ ही रात्रि 10 बजे तक होलिका दहन की जाने की बात कही और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए भी निर्धारित गाइडलाइन के तहत संचालन किया और संवेदनशील इलाकों में ज्यादा गतिविधि को ध्यान में रखते हुए जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही दो पहिया वाहनों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों को हिदायत दी है। तीन सवारी वाहन में चलने वाले को भी मनाही की गई है क्योंकि होली पर्व के साथ-साथ लोकसभा चुनाव के मद्धेनजर आचार संहिता भी लागू किया जा चुका है। ऐसे में कानून व्यवस्था बनी रहे यह सब की जिम्मेदारी है।

### कटघोरा में शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील



एसडीओपी पंकज ठाकुर एव नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी की उपस्थिति में पुलिस थाना परिसर में होली का पावन पर्व व मुस्लिमों का पवित्र रमजान माह तथा लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने क्षेत्र में होली को लेकर संबंधित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों से जानकारी ली। बैठक में एसडीओपी पंकज ठाकुर ने उपस्थित गणमान्य लोगों से कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व त्यौहार मनाने की परंपरा कटघोरा में पुरानी है यहां सभी समुदाय के लोग मिलकर त्यौहार मनाते आए हैं। बैठक में नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष रतन मित्तल, उपाध्यक्ष बजरंग पटेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे, राजेन्द्र टण्डन, पार्षद संजय अग्रवाल, शरद गोयल, मुरली साहू,आत्मानारायन पटेल,राजीव लखनपाल, अशरफ मेमन,सतीश जायसवाल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, सतीश धनोदिया, अजय धनोदिया, संदीप चौबे सहित अन्य मौजूद रहे।


















## खबर संक्षेप

### कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी का आज कटघोरा विधानसभा में सघन जनसंपर्क



**कोरबा।** लोकसभा कोरबा क्षेत्र की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत 23 मार्च को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहेंगी व सघन जनसंपर्क करेंगी। कटघोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में बूथ स्तर की बैठक भी उनके द्वारा ली जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल व कटघोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने बताया कि 23 मार्च को दोपहर 3 बजे कोरबा लोकसभा की सांसद प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत पाली पड़निया जोन के अंतर्गत ग्राम पाली, पड़निया, सोनपुरी, खैरभवना, कनबेरी, जपेली व भलपहरी में जनसंपर्क करेंगी। शाम 4 बजे खोडरी बूथ के अंतर्गत ग्राम खोडरी, रिसदी, चुरैल, अमगांव, बाता, नवागांव, शाम 5 बजे बिरदा बूथ के अंतर्गत रंगबेल, सराईसिंगार, चौनपुर, बिरदा तथा शाम 6 बजे अखरापाली बूथ के अंतर्गत ग्राम गंगदेई, अखरापाली, भाठीकुड़ा, भर्राकुड़ा व कटसिरा में जनसंपर्क किया जाएगा। उनके साथ कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी रहेंगे।

### भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने मनाया राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस



**कोरबा।** बुधवार को राष्ट्रीय मुख स्वास्थ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जिला चिकत्सालय द्वारा रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग संस्था कोरबा के विद्यार्थियों ने भी हिसा लिया और विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार एवं पोस्टर प्रतियोगिता में सभी को समान पुरस्कार दिया गया।

### पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय (ईव्हीपीजी) कोरबा में महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आज मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप नारा लेखन (स्वीप सांग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रा श्वेता कोसले ने प्रथम स्थान, छात्रा सरोजनी साहू ने द्वितीय स्थान एवं गीतिका यादव एवं काजल कोसले ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयनगर जूनाडीह निवासी पूर्णिमा मंहत उम्र 27 वर्ष पति उमेश दास ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 फरवरी को पूर्णिमा अपने पति एवं बच्चों के साथ अपने मायके ग्राम जपेली उरगा गई थी। पूर्णिमा का पति वहां से बिलासपुर चला गया था। 21 फरवरी को पड़ोसियों द्वारा फोन करके बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। तब पूर्णिमा अपने भाई के साथ अपने घर जुनाडीह आयी। इस बीच चोरों ने मकान में रखे अलमारी से सोने का एक नग माला, दो नग सोने की अंगुठी,एक नग सोने का लाकेट , एक मंगलसुत्र, एक नग फुली,एवं चदी का जेवरात तीन जोडी चदी का पायल,दो नग कमर बंद ,एक बाजु बंद,दो जोडी बिछिया कुल कीमती 60 हजार रूपये तथा 15 हजार रूपये नगद, गाडी का कागजात एवं चाबी,एलआईसी का पावती,बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। पूर्णिमा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

#### कंपनी ने अनुपयोगी फ्लाई ऐश डाइक क्षेत्र का सफलतापूर्वक किया वनीकरण

# वेदांता एल्यूमिनियम अपने प्रचालन क्षेत्रों में करेगा बड़े पैमाने पर पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर वेदांता एल्यूमिनियम कंपनी ने छत्तीसगढ़ व ओडिशा में अपने प्रचालन क्षेत्रों के भीतर व आसपास पर्यावरण संरक्षण हेतु कंपनी के प्रयासों की घोषणा की। जैव विविधता को संरक्षित व प्रोत्साहित करने की रणनीति हेतु कंपनी समर्पित है। कंपनी ने रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत अपने पांच ऐश डाइक पर वनीकरण का काम सफलतापूर्वक पूरा किया है। बालको के ये ऐश डाइक्स अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच जाने के कारण बंद हो चुके थे। 150 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के इलाके में लगभग 2 लाख पौधे लगाए गए हैं। इस पहल के तहत ऐसी जमीन में जहां पहले जंगल न रहा हो उसमें भी सतत सुधार की गुंजाइश को अपनाया जा सकता है।

वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम में सस्टेनेबिलिटी संबंधी विभिन्न पहल हमारे पर्यावरण को बेहतर बनाने के प्रयासों को दर्शाता है। हमारी कोशिशें पृथ्वी को सस्टेनेबल बनाने की स्पष्ट सोच



पौधरोपण में सहयोगी बालको कर्मचारी व उनके परिजन।

समेटे हुए हैं। हम अपने प्रचालन में जैव विविधता संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं इसलिए पर्यावरणीय तौर पर जागरुक विधियों पर लक्ष्य करते हैं ताकि भावी पीढ़ियों के लिए इस धरती को सुरक्षित रख सकें। हम अपने संयंत्र परिसर के भीतर व बाहर भी प्रयासरत रहते हैं और उस विविधतापूर्ण ईकोसिस्टम का कल्याण सुनिश्चित करते हैं जिसका एक हिस्सा हम भी हैं। फ्लाई ऐश एक हाई-वॉल्यूम, लो-इफेक्ट बायप्रोडक्ट होता है जो थर्मल पावर के उत्पादन में निकलता है। फ्लाई ऐश का इस्तेमाल सर्कुलर इकॉनॉमी में होता है नतीजतन ऐश स्टोरेज एरिया का वनीकरण किया जा सकता है। रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत ऐश डाइक्स को कई अवस्थाओं से गुजरना होता है जिनमें मिट्टी का आवरण, स्थिरीकरण, वन पारिस्थितिकी विकसित करने के लिए लैंडस्केपिंग, मूल वृक्ष प्रजातियों का रोपण व निरंतर निगरानी शामिल होते हैं। इन कोशिशों के फलस्वरूप यह इलाका कई स्थानीय पेड़-पौधों की किस्मों जैसे करंज, शीशम, नीम, अमसोल व गुलमोहर वृक्षों का घर बन गया है। कंपनी द्वारा लगाए गए इन पेड़ों की बदौलत यहां जैव विविधता फल-फूल रही है। में बालको ने अपनी टाउनशिप में फलदार वृक्षों के बगीचे लगाए हैं जिनमें इमली, आम, अमरूद, शरीफा व जामुन के लगभग 2 सौ पेड़ हैं। कंपनी की पहल मोर जल, मोर माटी के अंतर्गत कंपनी ने आसपास के समुदायों में आम के 11 बगीचे लगाए हैं जिनमें 23 सौ पेड़ हैं। वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर छोटे किसानों को तेजी से बढ़ने वाले दीमक-प्रतिरोधी फलवृक्ष लगाने की तकनीकी जानकारी देता है। इसके अलावा नजदीकी जंगलों व झरनों के पास गहन सफाई अभियान चलाया गया। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के मौके पर कंपनी ने स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण हेतु अपने कर्मचारियों व समुदाय के लोगों को जागरुक बनाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें झारसुगुडा, ओडिशा के प्रभागीय वन अधिकारियों के सहयोग से स्कूली विद्यार्थियों के लिए वन एवं नवाचारः बेहतर दुनिया हेतु नए समाधान विषय पर जागरुकता सत्र का आयोजन भी शामिल थे।

## 338 नग नशीली टेबलेट के साथ तीन गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशीली टेबलेट का जखीरा लेकर खपाने पहुंचे तीन युवकों को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 338 नग प्रतिबंधित टेबलेट जप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि अग्रसेन चौक के पास कुछ युवक नशीली टेबलेट का जखीरा लेकर पहुंचे हैं। मुखबीर की सूचना पर पुलिस की टीम ने अग्रसेन चौक पर दबिश दी। जहां रामसागरपारा निवासी प्रदीप राव उम्र 20 वर्ष पिता टोकेश राव, साहिल सागर उम्र 22 वर्ष पिता स्वर्गीय सुनील सागर, देव प्रसाद सतनामी उम्र 24 वर्ष पिता स्वर्गीय सुखदेव सतनामी के कब्जे से अवैध एवं प्रतिबंधित कुल 338 नग टैबलेट, 5400 नगदी एवं तीन नग मोबाइल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती बरपाली में एक मकान में बीती रात आग लग गई। घर वालों की माने तो आग शॉर्टसर्किट को वजह से लगी होगी। मकान के पास में ही विद्युत ट्रांसफॉर्मर होने के कारण तारों से होते हुए करंट मकान में आई जिससे आग लगने का कारण बताया जा रहा है। घर पर रखे सभी सामान जल कर खाक हो गए वहीं घर के अंदर रखे मोटरसाइकिल को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया।

## बिरंची दास ने किया एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के नवनियुक्त निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने पदभार ग्रहण कर लिया है। 21 मार्च को उनके एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, शीर्ष प्रबंधन, सीवीओ, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्यों, कंपनी कल्याण मण्डल के सदस्यों, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।

बिरंची दास ने पीएमआईआर विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, ओडिशा से कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध के क्षेत्र में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है एवं एसईसीएल आने से पहले श्री दास महाप्रबंधक कार्मिक/क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के रूप में जगन्नाथ एरिया महानदी कोलफ़ील्ड्स में कार्यरत थे। श्री दास ने वर्ष 1994 में देउलबेरा कोलियरी, तालचेर क्षेत्र, एमसीएल में कल्याण अधिकारी (टीआर) के रूप में अपना करियर शुरू किया और 29 वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने एमसीएल में गैर-अधिकारी कर्मियों के लिए आवास आवंटन समिति के नियमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सर्टिफाइड स्टैंडिंग ऑर्डर, एमसीएल



पदभार ग्रहण करते बिरंची दास।

के प्रारूपण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एमसीएल मुख्यालय में आईआर विभाग में अपनी पदस्थापना के दौरान, उन्होंने कॉर्पोरेट स्तर पर मजबूत औद्योगिक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें श्रम कानून, अनुबंध श्रम प्रबंधन, आईआर मुद्दों को संभालने का लंबा अनुभव है। वह अपने परस्पर संबंध के कौशल के लिए जाने जाते हैं और टीम वर्क में दृढ़ विश्वास रखते हैं साथ ही एसएपी-एचसीएम मॉड्यूल में उत्कृष्ट तकनीकी विशेषज्ञता रखते हैं। विदित हो कि इसी वर्ष जनवरी माह में तत्कालीन निदेशक (कार्मिक) की सेवानिवृति उपरांत एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

## बैंक में पार्किंग की सुविधा नहीं, सड़क पर वाहन खड़े होने से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराना बस स्टैंड पीपल तिराहा के पास दोपहिया वाहनों की बेतरतीब ढंग से पार्किंग हो रही है। अधिकांश वाहन सहकारी बैंक में लेन-देन करने आए खातदारों की रहती है लेकिन बैंक प्रबंधन की

**खास बात**

- आवागमन में होती है लोगों को परेशानी

ओर से पार्किंग की सुविधा तक नहीं की गई है। आलम यह है कि लोग बीच तिहारे पर गाड़ी खड़ी कर रहे हैं जिससे सडक़ पर जाम लग रही है। त्योहारी सीजन को लेकर पीपल तिराहा के आसपास रंग-गुलाल की दुकानें सजने लगी है। इससे यातायात व्यवस्था और प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। यही स्थिति हर तीज-त्योहार के दिनों में रहती है। जबकि लोग खरीदी करने इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। तिराहे के पास



बैंक के बाहर सड़क पर खड़े वाहन।

ही फल, सब्जी व अन्य दुकानें भी लगाई जाती है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा कोरबा में लगभग 15 हजार से अधिक खातेदार हैं। हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के खाते में धान बिक्री की अंतर राशि का भुगतान किया है। बड़ी संख्या में किसान धान और अंतर की राशि लेने के लिए बैंक पहुंच रहे हैं। लेकिन बैंक शाखा के पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। कुछ स्थान हैं, वहां पर भी रस्सी से घेरा किया गया है। ऐसे में खातेदारों को मजबूरी में वाहनों को जहां-तहां खड़ी कर रहे हैं। जबकि यह मुख्य तिराहा है यहां से लोग इतवारी बाजार जाते हैं। इसके बाद तिहारा के साथ ही इतवारी बाजार जाने वाले मार्ग के सडक़ किनारे पर भी वाहन खड़ी हो रही है। इससे मार्ग संकरा हो जाता है। स्थिति यह बनी हुई कि मार्ग पर जाम लग रही है। रास्ते से एक बाइक निकलना भी मुश्किल हो रहा है। जबकि मार्ग से दोपहिया व चार पहिया वाहनों की आवाजाही होती है। समीप ही बाजार होने से गुरुवार और रविवार के दिन परेशानी और बढ़ जाती है। बावजूद इसके बैंक प्रबंधन की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। सडक़ पर दोपहिया वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़ी होने से आसपास के क्षेत्र के दुकानों के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। जाम की वहज से लोग दुकान नहीं पहुंच पाते हैं। वहीं जाम और सडक़ पर गाड़ी खड़ी होने से कई बार लोगों में विवाद की भी स्थिति उत्पन्न हो रही है। बावजूद इसके व्यवस्था को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे कारोबारी नाराज हैं। बीच सडक़ पर बेतरतीब पार्किंग की वजह से कई बार आए दिन दुर्घटना होती रहती है। कई बार वाहन मेन रोड पर भी खड़ी कर दी जाती है। इस मार्ग पर चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए आवाजाही करते हैं। इससे बड़े हादसे का खतरा बना रहता है। पुराना बस स्टैंड से चांपा के लिए बस व टैक्सी मुख्य मार्ग से होकर गुजरती है। बेतरतीब पार्किंग से बस व चारपहिया वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

## शरद नायर बने बालको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त बालको कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से संघ की कमान शरद नायर को सौंपते हुए उन्हें अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अनिल दुबे व ओपी राजपुरोहित कार्यकारी अध्यक्ष और परेश बैरागी को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है।

बालको कर्मचारी संघ सम्बद्ध (बीएमएस) का द्विवार्षिक अधिवेशन मंगलवार को आयोजित किया गया। यह अधिवेशन भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती शोभा सिंहदेव, विभाग प्रमुख डी वेंकट राव, जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा एवं जिलामंत्री नवरत्न बरेठ उपस्थित थे। अधिवेशन में कुल 10 प्रतिवेदन दिए गए। इनमें मुख्य रूप से श्रमिकों का एलटीएस एवं कर्मचारियों का आगामी एलटीएस समयबद्ध व सुनियोजित ढंग से पूर्ण कराने, बालको हॉस्पिटल में श्रमिकों को भी मेडिकल सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराने और जो साथी निलंबित हैं, उनकी निःशर्त काम में वापसी समेत अन्य प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का भी



नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य।

गठन किया गया। इसके तहत शरद नायर बालको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे व ओपी राजपुरोहित, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, प्रशांत शेण्डे, वरुण पांडे, मुकेश ठाकुर, महामंत्री माखन लाल वर्मा, संयुक्त महामंत्री देवेन्द्र द्विवेदी, कोषाध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी, उपकोषाध्यक्ष संजय सहानी, संगठन मंत्री अमित पटेल व हरीश सोनवानी, कार्यालय सचिव परेश बैरागी, सचिव लेखराज मरावी, देवेन्द्र पाठक, लखीराज, आशीष कुंभकार, जितेन्द्र वर्मा नियुक्त हुए हैं। चुने गए सहसचिवों में अजय बराल, रेवाशंकर साहू, अजय निराला, सुंदर चौधरी, योगेश यादव, वीएस त्रिपाठी शामिल हैं। विधिक सलाहकार नरेंद्र तिवारी को बनाया गया है।

## बेमौसम बारिश से 33 हजार टन कम कोयला उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कोयला उत्पादन की रफ्तार पर बेमौसम बारिश ने ब्रेक लगा दिया है। जिस रफ्तार से पहले खदानों से उत्पादन हो रहा था बारिश की वजह से इसमें प्रभाव पड़ा है। 2 दिन की बारिश से कोयला उत्पादन में लगभग 33 हजार टन की गिरावट दर्ज की गई है।

दो दिनों की बारिश से एसईसीएल की जिले में संचालित मेगा माइंस का उत्पादन घटा है। इस कारण सोमवार व मंगलवार को एसईसीएल डेली कोल प्रोडक्शन का टारगेट हासिल नहीं कर पाई। जबकि इसके पहले रविवार को कोल कंपनी ने रोजाना के 8 लाख 38 हजार टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य से 12 हजार टन अधिक कोयला उत्पादन किया था। बेमौसम बारिश का मेगा माइंस के उत्पादन पर असर पड़ा है। सोमवार को एसईसीएल के रोजाना डेली कोल प्रोडक्शन के लक्ष्य 8 लाख 38 हजार टन के मुकाबले 7 लाख 73 हजार टन ही कोयला उत्पादन कर पाई। इस तरह 65 हजार टन कम कोल प्रोडक्शन हुआ। मंगलवार को भी 8 लाख 38 हजार टन उत्पादन का डेली कोल प्रोडक्शन लक्ष्य रहा। मगर एसईसीएल ने 33 हजार टन कम उत्पादन किया और 8 लाख 5 हजार टन कोयला उत्पादन कर पाया। सोमवार व मंगलवार को दो दिन हुई बारिश से कुल 98 हजार टन कम कोयला उत्पादन हुआ है।

**खास बात**

- रोजाना 8 लाख 38 हजार टन कोयला उत्पादन का है लक्ष्य

इसके पहले रविवार को मौसम साफ रहने पर एसईसीएल ने मेगा माइंस खदानों की बदौलत 8 लाख 50 हजार टन कोयला उत्पादन किया, जो 8 लाख 38 हजार टन रोजाना के लक्ष्य से 12 हजार टन अधिक था। बारिश के कारण मेगा माइंस के कोयला उत्पादन पर असर पडऩे से एसईसीएल के रोजाना के लक्ष्य को प्रभावित किया है। वित्तीय साल का आखिरी महीना है । अब एक पखवाड़े का भी समय नहीं बचा वित्तीय साल का यह आखिरी महीना है और अब पखवाड़े भर से भी कम समय बचा हुआ है। इस अवधि में कंपनी को लक्ष्य हासिल करने 20 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना है। मगर बारिश के कारण मेगा माइंस की खुली खदानों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। हालांकि कंपनी ने 167 मिलियन टन के अब तक के सर्वाधिक कोयला उत्पादन के रिकॉर्ड को पहले ही तोड़ दिया है। मगर इस बार का लक्ष्य 197 मिलियन टन का है।











